# दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001

Email: exam@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359300


क्रमांक 751 /परीक्षा/2017 दुर्ग, दिनांक 13.11.17

## //अधिसूचना//

दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में सत्र 2017–18 (दिस.–जनवरी) सेमेस्टर परीक्षा के स्नातकोत्तर कक्षाओं (M.A., M.Sc., M.Sc./M.A. Home Science, M.Com., M.S.W., M.Lib., B.P.Ed., DCA, PGDCA) के प्रथम सेमेस्टर (मुख्य/एटीकेटी/भूतपूर्व) एवं तृतीय सेमेस्टर (मुख्य), B.B.A. प्रथम सेमेस्टर (मुख्य/एटीकेटी/भूतपूर्व), तृतीय सेमेस्टर (मुख्य/एटीकेटी/भूतपूर्व) एवं पंचम सेमेस्टर (मुख्य) एवं L.L.B. भाग 01, 02 (प्रथम सेमेस्टर–मुख्य/एटीकेटी/भूतपूर्व) एवं भाग 03 (प्रथम सेमेस्टर–मुख्य) में अध्ययनरत नियमित छात्र/छात्राओं एवं समस्त कक्षाओं के द्वितीय सेमेस्टर एटीकेटी (बी.बी.ए, एम.लिब., डी.सी.ए., पीजीडीसीए, को छोड़कर) के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया द्वारा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

| क्र. | परीक्षा आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क सहित जमा करने की तिथि | 13.11.2017 से 23.11.2017 तक |
| 02 | ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नकों सहित संबंधित परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | 24.11.17 तक |
| 03 | महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों द्वारा परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न), शुल्क सूची के साथ विश्वविद्यालय पहुंचाने की तिथि | 27.11.17 तक |

टीप:–

1. परीक्षा फार्म **www.durguniversity.ac.in** → **Quick Links** → **Online Examination Form 2017-18** पर Click कर भरे जा सकते हैं।
2. विद्यार्थी, दुर्ग विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in** पर दिए गये लिंक या गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से "दुर्ग विश्वविद्यालय" नामक मोबाइल एप अपने स्मार्ट फोन पर डाउनलोड कर परीक्षा आवेदन फार्म एवं शुल्क जमा कर सकेंगे।
3. बी.एड. एवं एम.एड. की सेमेस्टर परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन महाविद्यालयों से छात्रों की उपस्थिति प्राप्त होने पर पात्रतानुसार बाद में भरवाए जायेंगे। जिसकी अधिसूचना अलग से प्रकाशित की जायेगी।
4. छात्र–छात्राएँ ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाईल नं. 9304963349, 9304938494 (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे के मध्य) एवं ई–मेल **durghelpdesk@gmail.com** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

आदेशानुसार

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र. 752 /परीक्षा/2017 दुर्ग, दिनांक 13.11.17

प्रतिलिपि:–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. जिलाधीश, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
5. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
6. कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर।
7. वित्त नियंत्रक/उ.कु.स. अकादमिक/संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग।
9. प्राचार्य, संबद्ध समस्त महाविद्यालय, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग।
10. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
11. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

क्रमशः 02.....

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीपः–**

1. अध्यादेश क्रमांक 170 के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों के साथ) परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर सहयोग प्रदान करना अपेक्षित है।

2. प्रस्तावित अध्यादेश के तहत पात्र परीक्षार्थियों की हार्ड कॉपी में (समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित) जमा किए गए परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित करने का कष्ट करें।

3. जिन कक्षाओं/विषयों की संबद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है उनके परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित न किए जायें।

4. जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें उनकी कक्षा में उपस्थिति 75% होना अनिवार्य है। 75% से कम तथा 60% से अधिक उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तभी अग्रेषित किए जाए जब उनकी उपस्थिति परीक्षा पूर्व 75% हो जाए। 60% से कम उपस्थिति वाले परीक्षा आवेदनकर्ताओं के आवेदन पत्र अग्रेषित न किए जाए। ऐसे परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र भी अग्रेषित न किए जायें जो आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए हैं या जिनका सेमेस्टर के मध्य में अंतराल (गैप) हो गया है।

5. परीक्षा शुल्क सूची/गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न)/नॉमिनल रोल प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्रयोग में लाया जाना है।

6. परीक्षार्थियों की पूर्व परीक्षाओं की अंकसूचियाँ (यदि अंकसूची अप्राप्त हो तो इंटरनेट से प्राप्त की गई अंकसूची) अनिवार्यतः संलग्न करवा कर ही आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें।

7. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को पात्रता न होने पर भी अग्रेषित कर दिया जाता है तथा विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षण किए जाने पर परीक्षार्थी का आवेदन निरस्त किया जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।

8. परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा कराये गए कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, नॉमिनल रोल, न्यूमेरिकल रिटर्न, गोसवारा के साथ परीक्षार्थी द्वारा जमा की गई हार्ड कॉपी संलग्नकों सहित अधिसूचित निर्धारित तिथि तक दो प्रतियों में तैयार कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराना है। अधिसूचना तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

9. परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कापी जमा करने पर समस्त परीक्षार्थियों द्वारा अग्रेषण शुल्क के रूप में रू. 30/– पृथक से महाविद्यालय द्वारा प्राप्त किये जाये एवं परीक्षार्थियों को पृथक से उनकी अग्रेषण शुल्क की प्राप्ति रसीद प्रदान करें।

क्रमशः 03.....

## दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के नियमित छात्र–छात्राओं द्वारा दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग से भरे जाने वाले परीक्षा आवेदन पत्रों की कक्षा एवं शुल्क विवरणः–

| क्र. | कक्षाएं जिनके परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हैं | सेमेस्टर | परीक्षा शुल्क ( प्रति सेमेस्टर ) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | भूतपूर्व | ए.टी.के.टी. |
| 01 | बी.पी.एड. | प्रथम सेमेस्टर | 1190.00 | 1190.00 | 765.00 |
| | | द्वितीय सेमेस्टर | – | – | 765.00 |
| | | तृतीय सेमेस्टर | 1190.00 | – | – |
| 02 | बी.बी.ए. | प्रथम सेमेस्टर | 1330.00 | 1330.00 | 825.00 |
| | | तृतीय सेमेस्टर | 1330.00 | 1330.00 | 825.00 |
| | | पंचम सेमेस्टर | 1330.00 | – | – |
| 03 | एम.लिब. एण्ड इन्फार्मेशन साईंस | प्रथम सेमेस्टर | 1235.00 | 1235.00 | 910.00 |
| 04 | एम.ए. / एम.एस.सी. / एम.कॉम. / एम.ए.–एम.एस.सी. गृहविज्ञान | प्रथम सेमेस्टर | 1075.00 | 1075.0 | 650.00 |
| | | द्वितीय सेमेस्टर | – | – | 650.00 |
| | | तृतीय सेमेस्टर | 1075.00 | – | – |
| 05 | एम.एस.सी. कम्प्युटर विज्ञान | प्रथम सेमेस्टर | 1580.00 | 1580.00 | 650.00 |
| | | द्वितीय सेमेस्टर | – | – | 650.00 |
| | | तृतीय सेमेस्टर | 1580.00 | – | – |
| 06 | एम.एस.डब्ल्यू. | प्रथम सेमेस्टर | 1230.00 | 1230.00 | 805.00 |
| | | द्वितीय सेमेस्टर | – | – | 650.00 |
| | | तृतीय सेमेस्टर | 1230.00 | – | – |
| 07 | डी.सी.ए / पी.जी.डी.सी.ए. | प्रथम सेमेस्टर | 1440.00 | 1440.00 | – |
| 08 | एल.एल.बी. प्रथम वर्ष | प्रथम सेमेस्टर | 1170.00 | 1170.00 | 885.00 |
| | | द्वितीय सेमेस्टर | – | – | 885.00 |
| 09 | एल.एल.बी. द्वितीय वर्ष | प्रथम सेमेस्टर | 1170.00 | 1170.00 | 885.00 |
| | | द्वितीय सेमेस्टर | – | – | 885.00 |
| 10 | एल.एल.बी. तृतीय वर्ष | प्रथम सेमेस्टर | 1170.00 | – | – |

## दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों से परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने के लिए परीक्षार्थियों को निर्देश

1. प्रथम सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थी नामांकन फार्म हेतु उपयोग किए यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का ही उपयोग करें।
2. प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर एटीकेटी / भूतपूर्व एवं तृतीय / पंचम सेमेस्टर (मुख्य) के परीक्षार्थी New User Here to Create Account for Login पर Click कर Registration करने के पश्चात ही Login कर सकेंगे।
   (ऐसे समस्त परीक्षार्थियों को अपना नामांकन अंक भरना अनिवार्य होगा)
3. छात्र–छात्राएँ ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाईल नं. 9304963349, 9304938494 (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे के मध्य) एवं ई–मेल durghelpdesk@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)